तेदोई समझावी स्वामी, लक्ष्मण रावण साथ।
वातसुणावे अति विभावे, जेमाखी रघुनाथ ॥ सीता० ॥ ३६ ॥
लक्ष्मण-रावण-कहेकृपानिधि, कीधुं रूडूं काज।
एह उपदेश सुण्यां विसरियो, ए गतिना दुःखआज ॥सीता०॥३७॥
निजकृत कर्मतणे वलएहवी, आपद पाम्या आप।
आपही भोगवीने छूटसे, आप कमाया पाप ॥ सीता० ॥ ३८ ॥
करुणा आणी सुरपति भाखे, नरक थकी तुम्हकीन।
काढीने सुरलोक पहूंचाऊं, तोईजाण प्रवीन ॥ सीता० ॥ ३९ ॥
एमकही करग्रहीने तीने, लेई चाल्या सुरराय।
पारानी परे करथी खरखरी, पड्या अपूठा आय ॥ सीता० ॥४०॥

१ चक्रवर्ती = २ चौथी नरके—

पुन रपि उद्यम कीधो अधिको, पहेल तणी पर थाय।
सांमी वेदना वधती जावे, पीड थे अतिकाय॥ सीता०॥ ४१॥
आप कमाणी भोगवणीछे, विण भोगवियों छूटी।
नहींछे प्रभु तुम्ह थान पधारो, मेली माथा कूटी॥ सीता० ॥४२॥
ते तीने तजी सुरपति आयो, प्रणमीं राघव राय।
देवकुरु ए भामण्डल भेटो, स्वर्ग गयो सुखदाय॥ सीता० ॥४३॥
पचवीश वर्ष लगे पालीयो, प्रभु केवल पर्याय।
भविक जनना काम समार्या, मिथ्या मति मेटाय॥ सीता० ॥४४॥
पन्नर हजार वर्षनो आयु, पूरोही प्रतिपाल।
राम ऋपिश्वर मोक्ष सिधाया, जन्म जरा भय टाल॥सीता०॥४५॥
नमो नमो श्री राम ऋपिश्वर, अजर अमर कहिवाय।
तीन लोकने माथे बैठा, सासय सुख लहाय॥ सीता० ॥ ४६॥
संवत् सोले तियासीए रे, आछो आसु मास।
तिथी तेरस अन्तर पुरमांही, आणी अति उल्लास॥ सीता० ॥४७॥
श्री गुरुदेव तणे सुपसाए, ग्रन्थ चढ्यो सुप्रमाण।
ग्रन्थ गुणे गिरी मेरु सरिखो, नवरसमांहे वखाण॥सीता० ॥४८॥
एवं बासठ ढाल सुधारी, वचन रचन सुविशाल।
रामयशो रसायन नामा, ग्रन्थ रच्यो सुविशाल॥ सीता० ॥४९॥
कविजनतो कर जोडी करेरे, पण्डित सूं अरदास।
पंचों आगे तो वांचवो, जो हुवे राग अभ्यास॥ सीता० ॥ ५०॥
अक्षर भंगे ढालज भंगे, रागज भंगे जोई।
वाचतारे वचनने भंगे, रस नहीं उपजे कोई॥ सीता० ॥ ५१॥
अक्षर जाणी ढालज जाणी, रागज जाणी एह।
पंचों आगे वांचवाथी, उपजसे अति नेह॥ सीता० ॥ ५२॥
जब लग सायर नूं जल गाजे, जबलग सूरज चन्द्र।
केशराज कहे तव लगेए, ग्रन्थ करो आनन्द॥ सीता० ॥ ५३॥

-(कलश)-

राम-लक्ष्मण अने रावण, सती सीतानी चरी।
कही भारी चरित्र साखी, वचन रचनाए करी ॥ १ ॥
संघ रंग विनोद वक्ता, अनें श्रोता सुग्न भणी।
केशराज मुनिंद जम्पे, सदा हर्ष वधामणी ॥ २ ॥

इति श्री जैनपद्य रामायणे-भरत दीक्षाग्रहण-मधुमरण—शत्रुघ्नराज्य प्रदानं-सीतोपरिकलंकं-सीता वनवास-लवणांकुशयो-जन्म-विद्यापठन-लवणांकुश पाणिपीडनं-राम-लक्ष्मण सार्ध-युद्ध-सीताग्निप्रवेश-सीता दीक्षा ग्रहण-देवमाया-लक्ष्मण मरणं-रामदीक्षा-मोक्षप्राप्ति-पूर्वभव वर्णनमादि-विषयक चतुर्थ-खण्डं समाप्ति मफणीत—

इति श्री जैनपद्य-रामायणं सम्पूर्णम्

शुभं भूयात्— कल्याण मस्तु-
इत्यर्हम्— इत्यर्हम् इत्यर्हम्

लिखित श्री शार्दूलशिष्य मुनि रूपेन्दुना

मुद्रकः—

राम-श्याम प्रिन्टिङ्ग प्रेस
कटला बाजार, जोधपुर.

अर्हम्

परिशिष्ट (१)

गीत [१] तर्ज—सहेल्यां हे आंबो मोरियो

राज कंवर रलियावणा, नयणांरा हे धन जीवन जेह के,
हरसावण हिवड़ां तणा, वरसावण हे आनन्दरस मेह के,
रघुनन्दन मन मोहियो [टेर]

एतो किसा हे नगररा राजवी ? अवनीपत हे किण घर अवतार ? के,
किण विध इण पुर आविया, हिवड़ां रा हे हरलेवण हार के,
रघुनन्दन मन मोहियो [२]

एतो अवध नगर रा है राजवी, रघुकुल रा है जाणूं सूरज चंद के,
सीय-सुयम्बर निरखवा अठे आया है एतो आनन्द कन्द के,
रघुनन्दन मन मोहियो [३]

एतो नेह नगर रा है राजवी, आनन्द रा हे दरसे आपाण के,
नयण-निवाजण आविया, जग जीवण है प्राणां रा ही प्राण के,
रघुनन्दन मन मोहियो [४]

गीत [२] तर्ज—जलो म्हारी जोड़ री उदयापुर मालदे हे

कंवर दशरथ तणा, कोई जादू कीनो है।
भंवर मन भावणा, म्हारो मन हर लीनो है ॥ टेर ॥

म्हे थाने आली! बरजिया हे, रघुवर रुख मत जोय।
सुखरी सीख सुणी नहीं जद,
बैठी तन मन खोय ॥ कंवर ॥१॥

रघुवर-रुख लागो नहीं हे सखी!, तो तन मन किण काम,
वे हिज तन मन सफल हे सखी,
ज्यां रचियो रंग राम, ॥ कं० ॥२॥

जे नयणा छाकां छई, सखी राम-रूप-रस चाख,
दूजी दिस नहिं देखसी वांने,
लोभ दिखावो लाख ॥ कंवर ॥३॥

दया दीठ जिण दिस हुई, जाणूं दुनिया रा चूका दाम,
कोड़ काम करणा मदा यांरी,
एक अदा रो काम, ॥ कंवर ॥४॥

श्रवण वयण सुण ना सुणे, सखी! नारद सारद वीण,
लज तज लारे लग रया है,
अली बडा २ परवीण ॥ कंवर ॥५॥

सुर तरु तो सूको लगे है, अली! अमरत फीको होय,
लूखो जग तिणने लगे अली,
जिण लीना ए जोय ॥ कंवर ॥६॥

ए सूरज सूरज तणा है, सखी! ए चंदारा ही चन्द,
ए मनमथ मनमथ तणा हे अली,
ए इन्दर रा ही इन्द ॥ कंवर ॥७॥

सीताजी तथा सखियां री सलाह

गीत [३] तर्ज—बालम छोटो रे

ओ धनुष बड़ो विकराल, रघुवर छोटो रे,
कमल जिसो तन राम रो,
ओ धनुष वजर सो जाण, रघु० ॥१॥
बड़ो कठण पण पिता कियो,
कोई रंच न कियो विचार, रघु० ॥२॥
धनुष चढ़ो कै मत चढ़ो,
म्हारो राम भंवर भरतार रघु० ॥ ३ ॥
छोटो छोटो मत कहो,
ओ पूरण ब्रह्म परेस रघु० ॥४॥
सूरज छोटो सो लगे,
कोई जग में करे प्रकाश, रघु० ॥ ५ ॥
रघुवर चाप चढावसी,
कोई इणमें फेर न फार, रघु० ॥६॥

वरात चढे है

गीत [४] तर्ज—घूंसारी

रघुवर री बरात बणी भारी रे, सियावर री ॥ टेर ॥
सुंडाला सुमेर सा सजिया अमर-विमाणसी अम्बारी रे, रघु०
चंचल हय चित्त चाल चुकावण नाचे मोर मनोहारी रे, रघु०
रंग रसीला बाजा बाजे, शब्द हुवे आनन्दकारी रे, रघु०
देव सकल भूपत मिल आया, छाजे घणा छत्तर धारी रे, रघु०

गीत [५] तर्ज—बामण का

सांवरिया ! तूं जीवन री है जड़ी, राम प्यारा रे !
तूं हिवडा रो है हार ॥ १ ॥
रघुवर प्यारा रे, हांरे राम प्यारा रे ! हांरे गोविन्द प्यारा रे,
नेह लग्यो सो निभायले रे ॥ टेर ॥
सांवरिया ! तूं सरवर में हंसला, राम प्यारा रे !
म्हे चातक तूं मेह ॥ २ ॥
राम प्यारा रे ! नेह लग्यो सो निभायले रे
सांवरिया ! म्हे भंवरा तूं कुंज है, राम प्यारा रे !
म्हे चकोर तूं चन्द ॥ ३ ॥
राम प्यारा रे ! नेह लग्यो सो निभायले रे
सांवरिया ! म्हे जलचर तूं नीर है, राम प्यारा रे !
म्हे काया तूं जीव ॥ ४ ॥
राम प्यारा रे ! नेह लग्यो सो निभायले रे

श्री सीताजीरो पति-प्रेम

गीत [६] तर्ज—कांई रे जवाब करूं रसिया

कांई रे जवाब करूं हरि सूं ?
जवाब करूंगी, जवाब करूंगी,
रामैयारा चरणां में लपट रहूंगी ।
सांवरियारा चरणां रो ध्यान धरूंगी
कांई रे जवाब करूं हरिसूं ॥ टेर ॥
पलकां रे ऊपर पग धर आजो,
तो हिवड़ारे आसण आप विराजो, कांईरे० ॥१॥

कहोजी ! प्रभूजी ! थांने किण विलमाया ?
तो दासी रे महलां विलम्ब सूं आया, कांईरे० ॥२॥
आप, विना म्हारो भवन अलूनो,
तो आप विना सब ही जग सूनो, कांईरे० ॥३॥
आप मिल्यां सबही सुख मानूं,
तो आप मिल्यां धन जीवन जानूं, कांईरे० ॥४॥
ले पग धूर मधुर मन मांजूं,
तो ओ अंजन म्हारा नयणां में आंजूं, कांइरे० ॥५॥
नेहरे नीर चरण जुग धोसूं,
तो प्रेम पदारथ भोग परोसूं कांईरे० ॥६॥
चरण पियूख प्रेम सूं पीऊं,
तो इण रामैया ने जोयां ही जीऊं, कांईरे० ॥७॥
प्रेम पलंग पर प्रभु पोढाऊं,
तो पाय पलोट परम सुख पाऊं, कांइरे० ॥८॥

श्रीरामजी सीताजी ने समझावे

गीत [७] तर्ज—पणिहारी बीकानेरी

पिता-वचन पालण वन जावां
वचन पाल आवां प्यारी !
प्राण-प्रियाजी थे भवन विराजो हे!
आ आज्ञा मानो म्हांरी ।

सास ससुर री सेवा कीजो,
मन मांहे धीरज धारी,
दिन जातां कोई देर न लागे हो!
आण मिलां पाछा प्यारी !

कमल समान कलेवर कोमल,
कठण वाट वनरी भारी।
इण कारण थांने लार न लेवां हो,
भवन रहो भामण म्हांरी!

पग वहणो, विखमे थल रहणो,
सीत घाम संकट सहणो।
ए वातां थांसू वण नहीं आवे हो,
कन्ज मुखी! मानो कहणो।

पोढण धर, ओढण ने आभो
पात विछावण रे तांई,
पहरण छाल, अरोगण वनफल
शेर, सूर वन दुःखदाई

कोयल किम थूहर–थल सोहै?
हंसण किम कादा मांही?
कमल-कली मुरटांरे भारे हो?
यूं सोहो वन थे नांही।

सीताजी री विनती

गीत [८] तर्ज—विहीज

पितु-पण पालण आप पधारो, संग अरधंगा ले नारी।
प्राणपतिजी! म्हांने संग ले, सिधावो हो, धर्म-नेम पूरणधारी!
राका पति विन रयण अलूणी जीव विहूणी देह सही।
ज्यूं सरिता पाणी सूनी, यूं कामणी विन कन्त कही॥
पति पूजन जीवन पतनी रो, सो कई कोसो जगजामी!
सब ही विध सेवा व्रत साधूं हो! संग लीजे मोने स्वामी!

श्रीरामजी रा वचन

गीत [९] तर्ज—खेलण दो गणगोर

ना चालो वन लार, प्रिया हे ! थे तो मत चालो०
हांहे वन में है विपत अपार, प्रिया हे ! थे तो०
सुख लायक सुकुमार, प्रिया हे थे तो सुख०
हांहे वन में दुःख विकट अपार, प्रिया हे थे तो०
विखम आहार विहार, प्रिया हे ! उठे विखम०
हांहे वन है खांडा री धार, प्रिया हे ! थे तो०
यो हठ लेवो निवार, प्रिया हे ! थे तो यो हठ०
हांहे म्हांरी मानो वात विचार, प्रिया हे ! थे तो०

सीताजी री प्रार्थना

गीत [१०] तर्ज—आहीज

चालण दो वन लार, प्रभूजी म्हांने, ले चालो,
वन लार ओजी म्हारा आतम रा आधार, प्रभू०
पिव भजतां दुःख भार, प्रभूजी ! ए तो पिव०
हांजी वे तो है हिवड़ारा हार, प्रभूजी० ॥१॥
आडी हुवे अंगार, प्रभूजी जे आडी हुवे अंगार,
हांजी तोही नाह तजे नहीं नार, प्रभूजी० ॥२॥
सारा सुख संसार प्रभूजी एतो सारा सुख संसार,
हांजी वे तो आप विना छे असार, प्रभूजी० ॥३॥
सुरगां रा विमल विहार, प्रभूजी एतो सुरगांरा०
हांजी विन कन्त नरकां रा हे द्वार, प्रभूजी० ॥४॥

ऊगे भाण हजार प्रभूजी जे ऊगे भाण०
हंजी तो ही आप विना छे अंधार, प्रभूजी० ।।६।।
नेह निहावण हार प्रभूजी थेतो नेह निहावण हार०
हांजी म्हारा भव भवरा भरतार, प्रभूजी० ।।७।।

सीताजी श्रीरामचन्द्रजीरो हुकम पायों अब सासूजी सूं विदा मांगे

गीत [११] तर्ज—पणिहारी बीकानेरी

हुकम हुवो सुसराजी सा रो, चरम चतुरदस बन-चारी,
प्राण प्रियाजी म्हारा वन में पधारे हो पति-सेवा ही सुखकारी
चित लागो पीतमरे चरणां, भवन रहण रुचि नहीं म्हांरी,
हुकम करो तो मासू ! पिव संग जाऊंमा ! पति-सेवा ही सुखकारी
सीख सुणी म्हे मात पितारी, पति परमेसर तनुधारी,
पति विन गति पतनी ने नाहीं हो, पति-सेवा ही सुखकारी
धन धन है थांरा पिता सियाजी, धन धन माता थांरी,
ज्यांने थांने लाड़ी ! लाड लडाया है, पति-सेवा ही सुखकारी,

कौशल्याजीरो उपदेश

गीत [१२] तर्ज—पणिहारी

परम धरम पतिव्रत कह्यो, सुण सीताजी,
ओ सारांरो सार सीताजी !
पति जग में परकाश है, सुण सीताजी,
पति विन घोर अंधार सीताजी !

जग पूजे पति पूजतां, सुण सीताजी !
सुर सेवे पति-सेव, सीताजी !

पति परमेसर सारिखो, सुण सीताजी !
पति देवांरो देव, सीताजी !

पति भजतां जग जीतजे, सुण सीताजी !
कदे न होवे हार, सीताजी !

पति सेयां सुख संपजे, सुण सीताजी !
पति पूज्यां भवपार, सीताजी !

पति नयणांरी पूतली, सुण सीताजी !
पति हिवडारो हार, सीताजी !

पति जीवणरी है जडी, सुण सीताजी !
पति आतम आधार, सीताजी !

पतिव्रता री प्रशंसा

गीत [१३] तर्ज—हां सगीजी मे पेड़ा भावे

हां पतिव्रत-पालनहारी, धन्य धन्य धरती पर नारी ॥ टेर॥

धन्य वंश जिणमें वा जाई, धन सुसराल जठे परणाई ।
धन्य पुरुष जिणने वा ब्याही,
धन्य धन्य धरणी जठे वा आप पधारी रे, पति० ॥ १ ॥

पति के प्रेम रहे नित राती, मात पिता मन मोद चढाती ।
सास ससुर में सुख उपजाती,
प्रेम-चन्द्र चन्द्रिका, शील-सूरज उजियारी रे, पति० ॥ २ ॥

स्त्रियां रो राम-विरह वर्णन

गीन [१४] तर्ज—झलो म्हारी जोड़ रो

सनेही सांवरो वणगो वन-वासी हे !
रसीलो रामजी अब कद घर आसी हे ! ॥ टेर ॥

नयणां रो अंजन सांवरो, म्हारे हिवडा रो रंजनहार ।
गंजन दुःख परजातणो, ओतो भव-भंजन भरतार,
सनेही० ॥ १ ॥

जिण वन रघुनन्दन वसे हे सखी ! सो नन्दन वन जाण,
चरण धरण हरि जिण धरे, हूं तो पल पल वारूं प्राण,
सनेही० ॥ २ ॥

सुर नर रो तन जे हुवो हे सखी ! तो आवे किण काम,
वनरा पशु पन्छी भला है, वे तो नयन निहारे राम,
सनेही० ॥ ३ ॥

राम वसे जिण जंगलां हे सखी ! सो हिज सुरग निवास,
राम-विहूणो सुरग ही सखी ! तन उपजावे त्रास,
सनेही० ॥ ४ ॥

वन तो बडभागी वड़ो, सखी रमे जठे रघुराज ।
राम प्रभू त्यागी तिका, आतो अवध अभागी आज,
सनेही० ॥ ५ ॥

अवध प्रजा म्हांने करी, दिया रघुवंशी भरतार ।
राम-विछोहो क्युं कियो, ओतो कांई भूलो करतार,
सनेही० ॥ ६ ॥

गीत [१५] तर्ज—

राम बिना तो म्हांरे सुख ही सूल ।
राम बिना तो म्हांरे धान ही धूल ॥

राम बिना तो म्हांरे हार ही सांप ।
राम बिना तो म्हांरो पुन्न ही पाप ॥

राम बिना तो म्हांरे पीत ही रार ।
राम बिना तो म्हांरे जीत ही हार ॥

राम बिना तो म्हांरे हरख ही सोग ।
राम बिना तो म्हांरे भोग ही रोग ॥

गीत [१६] तर्ज—खेलण दो गिणगोर

किण विध विसर्‌यो जाय,
रामैयो म्हांसूं किण विध विसर्‌यो जाय ।
ओजी म्हांरो दशरथ राजकुंवार,
ओजी म्हांरो जनक सुता भरतार,
सांवरियो म्हांसू पलक न विसर्‌यो जाय ॥ टेर ॥

हरि हिवडे रो हार,
अली हे ! म्हांरो प्राणां रो प्राण आधार ।
हां हे म्हांरो जनम सुधारण हार,
हां हे म्हांरो मरण मिटावण हार,
सांवरियो० ॥ १ ॥

आनन्द रो आगार,
आली हे म्हांरो सुघड़ां रो सरदार,
हां हे ओ तो निराधारां आधार,

हां हे ओतो निरधन रो धन सार

सांवरियो० ॥ २ ॥

प्रेम रो पारावार,

अली हे ओतो मारां रो ततसार।

हां हे हरि नेह निभावण हार,

हां हे प्रभु पार लगावण हार,

सांवरियो० ॥ ३ ॥

जोवे न कुल आचार,

अली हे ओतो नहिं गुण रूप अपार।

हां हे हरि रीझे नेह निहार,

हां हे ओतो भगती-वस भरतार,

सांवरियो० ॥ ४ ॥

देखो भूल अपार,

अली हे वांने भूल रह्यो संसार।

हां हे तो ही वो नहिं भूलण हार,

हां हे हरि सबरी करण संभार,

सांवरियो० ॥ ५ ॥

भरतजी आदि पाछा अयोध्या जावता

श्रीरामजी ने विनती करे।

गीत [१७] तर्ज—समदण जावांला थारी बलिहारी है

रघुवर ! दरसण देवणने वेगा आइजो।

प्यारा प्रभू ! प्रेमरा प्यासां ने मत तरसाईजो॥

वचन पिता रा पालो,

सतपथ चालो, धरम संभालो स्वामी !

ज्यूं निज वचन निभाईजो ॥ रघु० ॥ १ ॥

चवदा बरस वितावो,
उणरे दूजे ही दिन आवो, स्वामी !
आगे मत विलम्ब लगाईजो ॥ रघु० ॥ २ ॥

आप दया मय नामी,
अन्तरजामी, सुख रा सागर स्वामी !
जिवडारी जलन मिटाइजो ॥ रघु० ॥ ३ ॥

सूर्पनखां आई

गीत [१८] तर्ज—पनजी मून्डे बोल

बोल बोल हिवडारा जिवडा !
कांइ थांरी मरजी रे ? वालम ! मून्डे बोल ॥ टेर ॥

सुन्दर रूप अनूपम जोवन, सो वन किण विध आया रे ?
भोग भोगवा जोग, जोग किम लीनो काया रे, वालम० ॥१॥

थांरे जिसो नहीं नर सुन्दर, म्हारे जिसी न नारी रे ॥
आ जोड़ी जग मांय, विधाता एक उतारी रे, वालम० ॥२॥

तीन लोक रो राजा रावण, सो है म्हारो भाई रे ।
म्हांसूं नेह निभाय, पाय पूरण प्रभुताई रे, वालम० ॥ ३ ॥

प्रभुरो उत्तर

गीत [१९] तर्ज—बालम छोटो रे

बन्धव छोटो हे ! तूं भामण कर भरतार बन्धव० ॥ टेर ॥

म्हांसूं छोटो बन्धवो, कोई सुन्दर रूप अपार, बंधव० ॥१॥

स्याम वरण पण है नहीं, वो गौर वरण दीदार, बन्धव० ॥२॥

म्हारे तो संग सुन्दरी, कोई नहीं उणरे संग नार, बन्धव० ॥३॥

सूर्पनखां लछमणजी ने कहे है

गीत [२०] तर्ज—झरोखां झालो देजा हैं भांगडली

म्हारे सूं मोह करलो हो साजन जी ! थांरी मूरत मो मन मोह्यो,
हिरदा सूं मोने वरलो हो साजन जी !

श्रीराम वचन (प्रभु विरहलीला करे)

गीत [२१] तर्ज—रुण झुणियो ले

हे सरिता रा हंसलां ! थे महर करो ।
सीता ने वेग बताय, ओ उपकार करो ॥
ऊजल थांरी जात है, थे महर करो ।
कोई ऊजल खान र पान, ओ उपकार करो ॥
हे सूवा ! हे सारिका ! थे महर करो ।
सीता रो पतो बताय, ओ उपकार करो ॥
हे आरणरा हेरणां ! थे महर करो ।
सीतारी बात सुणाय, ओ उपकार करो ॥
बनवासी पशु पंछियां, थे महर करो ।
म्हांरी सारा ही करो सहाय, ओ उपकार करो ॥
हे तरुवर ! हे वेलड़ी ! थे महर करो ।
प्यारी रो पतो बताय, ओ उपकार करो ॥
पर-हित कारण प्रगटिया, थे महर करो ।
म्हांरा जीवरी जलन मिटाय, ओ उपकार करो ॥
हे सूरज ! हे चन्द्रमा ! थे महर करो ।
म्हांने बिछड़ी प्रिया मिलाय, ओ उपकार करो ॥
जीवजड़ी म्हांसूं बीछड़ी, थे कृपा करो ।
म्हांसू उण बिन ज़ियो न जाय, ओ उपकार करो ॥

परिशिष्ट (२)

भामंडल और सीता का पूर्वभव का सम्बन्ध और उनका जन्म

भरतक्षेत्र में दारुग्राम था। उसमें वसुभूति नामक ब्राह्मण रहता था। उसकी स्त्री का नाम अनुकेशा था। इनके पुत्र का नाम अतिभूति था। अतिभूति की स्त्री सरसा एक कयान नामक ब्राह्मण पर आसक्त होगई और वह ब्राह्मण उसे साथ लेकर भाग गया। कहा है " जो काम से आतुर होते हैं उन्हें न भय होता है, न लज्जा होती है "।

अतिभूति अपनी स्त्री की खोज करने के लिए भूत की भांति भूतल पर भटकने लगा। जब यह बात उसके मात-पिता को मालूम हुई तो वे भी अपने पुत्र और पुत्रवधू को ढूंढने के लिए परदेश को चल पड़े। घूमते घूमते, किसी समय उन्हें एक साधु मिले। साधु को भक्ति भाव से नमस्कार करके वे उनका धर्मोपदेश सुनने के लिए बैठ गये। धर्मोपदेश सुनने से उन्हें संसार से वैराग्य होगया और वसुभूति तथा अनुकेशा दोनो पति-पत्नि ने साधु के समीप दीक्षा लेली। इसके बाद गुरु की आज्ञा लेकर अनुकेशा, कमलश्री नामक आर्या के पास जाकर रहने लगी। चारित्र का पालन करते करते कुछ समय के पश्चात् दोनों ने शरीर का त्याग किया और दोनों सौधर्म स्वर्ग में जन्मे। वहां से चल कर वसुभूति का जीव वैताढ्य पर्वत पर रथनुपुर नगर का चन्द्रगति नामक राजा हुआ और अनुकेशा भी देवलोक से चलकर इसी राजा की पुष्पवती नाम की रानी हुई।

अतिभूति की स्त्री सरसा ने भी जिसे कयान लेकर चला गया था, संसार को असार समझ कर एक साध्वी के पास

दीक्षा लेली और वह काल करके ईशान देवलोक में देवी रूप से उत्पन्न हुई। अतिभूति अपनी स्त्री की खोज करता करता कुछ समय के अनन्तर मर गया और चिरकाल तक संसार में भटक कर एक बार हंस का बालक हुआ। उसे सेन नामक पक्षी लेकर खाने लगा, पर दैवयोग से वह किसी प्रकार उससे छूट गया और जैसे तैसे उड़ता उड़ता एक साधु के पास आकर गिर पड़ा। उस समय उसके प्राण सिर्फ कण्ठ में शेष रह गये थे। इस प्रसंग पर महा करुणासागर उन मुनि ने उसे नवकार मन्त्र सुनाया। मन्त्र के प्रभाव से वह हंस बालक आयु समाप्त होने पर किन्नर लोक में दस हजार वर्ष की आयु वाला देव हुआ। वहां से चल कर वह विदग्ध नामक नगर के राजा प्रकाशसिंह की प्रवरा रानी के उदर से कुण्डलमण्डित नामक पुत्र हुआ।

भोगोपभोग में आसक्त कयान, मृत्यु का ग्रास बन कर भवाटवी में भटकता भटकता चक्रपुर नगर के राजा चक्रध्वज के उपाध्याय धूम्रकेतु की स्वाहा नामक स्त्री के उदर से पुत्र हुआ। उसका नाम पिंग रक्खा गया। राजा चक्रध्वज की कन्या अति-सुन्दरी तथा पिंग एक ही गुरु के पास विद्याभ्यास करते थे। वहां दोनों का आपस में प्रेम होगया। मौका पाकर पिंग ने अति सुन्दरी का हरण किया और वहां से भाग कर विदग्ध नामक नगर में जाकर रहने लगा। वहां वह घास तथा लकड़ियां बेच कर किसी प्रकार अपना निर्वाह करने लगा, क्योंकि गुणहीन पुरुषों का पेट ऐसे कार्य किये बिना भरता ही नहीं है।

एक बार उस नगर के राजकुमार कुण्डलमण्डित की नजर अतिसुन्दरी पर पड़ गई। चार आंखें होते ही दोनों की परस्पर में प्रीति बँध गई। इसके बाद अपने पिता के डर से कुन्डलमंडित गुप्त रूप से अतिसुन्दरी को साथ लेकर वहां से निकल भागा और किसी पर्वत पर जाकर वहां मकान बना कर रहने लगा। अतिसुन्दरी के वियोग से व्याकुल होकर पिंग पागल की तरह इधर उधर फिरने लगा। उसे किसी समय गुप्ताचार्य नामके आचार्य के दर्शन होगये। उनसे धर्मोपदेश सुन कर उसने दीक्षा धारण करली पर अतिसुन्दरी का अनुराग उसके अन्तःकरण

से दूर नहीं हुआ। वह अन्त में काल करके सौधर्म स्वर्ग में देव हुआ।

पर्वत पर रहने वाले कुण्डलमण्डित ने कुत्ता की भांति दशरथ राजा के राज्य में लूट मार शुरु करदी। उसे वालचन्द नामक एक सुभट ने पकड़ कर बांध लिया और राजा के सामने पेश किया राजा दशरथ ने कुछ समय तक उसे कैदखाने में डाल रक्खा। जब उन्हें उसका चालचलन अच्छा प्रतीत हुआ और उसकी दीनता दिखाई दी तो उसे छुटकारा दे दिया। कहा है—"शत्रु जब दीन बन जाता है तो महापुरुषों का कोप शांत होजाता है।" कुण्डलमण्डित छुटकारा पाकर अपने पिता का राज्य लेने की इच्छा करता हुआ पृथ्वी पर विचरने लगा। फिरते फिरते एक बार उसे मुनि चन्द्र नामक साधु का समागम होगया। उनसे देशना सुनकर वह श्रावक बना। इसके बाद आयु समाप्त करके, राज्य पाने की इच्छा करता हुआ वह मिथिला नगरी के राजा जनक की स्त्री, विदेहा की कूख से उत्पन्न हुआ।

सरसा, जो ईशान देवलोक में उत्पन्न हुई थी, वहां से चलकर अनेक भव करके राजा के उपाध्याय की वेगवती नामक कन्या हुई। वह वहां दीक्षा धारण करके, अन्त में काल धर्म पाकर ब्रह्म देवलोक में देवी हुई। वहां फिर आयु पूरी करके जनक राजा की विदेहा नामक रानी के उदर से कुण्डलमंडित के जीव के साथ कन्या रूप में उत्पन्न हुई।

दशरथ राजा का पूर्वभव वृत्तान्त

(जनक आदि का संबंध)

पहले तुम सेनापुर नामक नगर में महात्मा भावन नाम के एक वणिक की स्त्री दीपिका के उदर से उपास्ति नामक कन्या के रूप में उत्पन्न हुए थे। वह कन्या साधुओ की निंदा करने वाली थी। उस पाप के उदय से वह कन्या का जीव पशु आदि की योनियों में भटकता रहा। भव-भ्रमण करते-करते एक बार चन्द्रपुर

नामक नगर में धन्य नामक व्यापारी की स्त्री सुन्दरी के उदर से तुम्हारा जीव वरुण नाम से पुत्र रूप में जन्मा। वह अत्यन्त उदार था। उस भव में अपने उदार स्वभाव के कारण वह साधुओं को इच्छा से भी अधिक दान देता था। वहां से काल करके तुम देव लोक में देव हुए। फिर वहां से भी चल कर तुम पुष्कला नामक नगरी में नन्दिघोस राजा की रानी पृथ्वी देवी की कूंख से नन्दिवर्धन नामक पुत्र हुए। राजा नन्दिघोस तुम्हें राज सिंहासन पर बिठा कर यशोधर नामक मुनि के समीप दीक्षित होगये। वे आयु पूर्ण करके ग्रैवेयक देवलोक में देव हुए, और तुम श्रावक-धर्म का पालन करके आयु समाप्त होने पर काल करके ब्रह्म देवलोक में उत्पन्न हुए। वहां से चलकर तुम्हारा जीव पूर्व महाविदेह क्षेत्र में वैताढ्य पर्वत की उत्तर दिशा की तरफ शशिपुर नामक नगर में विद्याधरो के स्वामी रत्नमाली की स्त्री विद्युल्लता के उदर से महापराक्रमी सूर्यजय नामक पुत्र हुआ। एक बार रत्नमाली राजा ने विद्याधरों के अत्यन्त अभिमानी राजा वज्रनयन को जीतने के लिए सिंहपुर नगर में आकर, बाल, वृद्ध, स्त्री, पशु तथा उपवन सहित नगर को जलाना आरंभ किया। उस समय एक पूर्वजन्म में उपमन्यु नामक उपाध्याय था। उसका जीव सहस्त्रार स्वर्ग में देव हुआ था। वह वहां से आकर रत्नमाली से कहने लगा—'हे रत्नमाली! यह घोर पातक मत कर। पूर्वजन्म में तू भूरिनन्दन नामक राजा था। उस समय तूंने मांस-भक्षण न करने की प्रतिज्ञा की थी। पर तूंने उस प्रतिज्ञा का पालन नहीं किया। इस कारण कितनेक भवों में भटक कर किसी पुण्य के प्रताप से तूं रत्नमाली राजा हुआ है। अतएव अनेक भवों में भ्रमण कराने वाला ऐसा घोर कृत्य मत कर। देव के इस प्रकार के वचन सुन कर रत्नमाली चुपचाप बैठा रहा। देव इसके बाद पूर्वभव का वृत्तान्त कहने लगा—"हे राजन्! पहले मैं उपमन्यु नामक उपाध्याय था। उस समय स्कन्द नामक पुरुष ने मुझे मार डाला था। मर कर मैं हाथी हुआ। हाथी को पकड़ कर भूरिनन्दन राजा अपने घर ले आया। कुछ समय वहां रहने के बाद एक बार संग्राम में आने से मेरी मृत्यु होगई। मृत्यु के पश्चात् उसी भूरिनन्दन राजा की रानी गधारा के उदर से मेरा जीव अरिसूदन नामक पुत्र हुआ। उस भव में मुझे जातिस्मरण ज्ञान उत्पन्न

होगया। संसार से विरक्त होकर मैंने दीक्षा धारण करली। वहां से काल करके सहस्त्रार नामक देवलोक में मैं यह देव हुआ हूं। भूरिनन्दन राजा मृत्यु के पश्चात् किसी वन में एक बड़ा अजगर हुआ। वह दावानल में जल कर वहां से नरक में उत्पन्न हुआ। वहाँ से निकल कर तूं यह रत्नमाली राजा हुआ है। तुम्हारे साथ पूर्वभव का मेरा स्नेह है और इसी कारण मैंने यहां आकर तुम्हें बोध दिया है। पहले, भूरिनन्दन के भव में मांस न खाने की प्रतिज्ञा को भंग करने के कारण तुम्हें नरक के दुःख देखने पडे और इतने भवों में भटकना पड़ा। इसलिए अनेक दुःखों को उत्पन्न करने वाला, इस नगर को भस्म करने का यह घोर कृत्य तुम छोड़ दो।'

देव के इस प्रकार वचन सुनकर राजा रत्नमाली ने नगर को भस्म करना स्थगित कर दिया। वह युद्ध से विमुख हो गया। उसने कुलनन्दन नामक अपने पुत्र को राज्य भार सौंप कर सूर्यंजय नामक अपने दूसरे पुत्र के साथ, उसी समय श्रीतिलक-सुन्दराचार्य के समीप दीक्षा ग्रहण करली। इसके अनन्तर वे दोनों पिता पुत्र मुनि आयु पूर्ण होने पर, काल धर्म पाकर महाशुक्र देव-लोक में देव हुए। वहां से चल कर रत्नमाली का जीव राजा जनक हुआ और सूर्यंजय का जीव राजा दशरथ हुआ है। उपमन्यु उपाध्याय का जीव सहस्त्रार स्वर्ग में चलकर जनक राजा का कनक नामक भाई हुआ है। और नन्दिवर्धन के भव का तुम्हारे पिता नन्दिघोष का जीव मैं हूँ जो ग्रैवेयक देवलोक से चलकर सत्यभूति हुआ हूँ।

इस प्रकार अपने पूर्वभव की कथा तथा जनक आदि का सम्बन्ध सुन कर राजा दशरथ ने सम्यक्त्व प्राप्त किया। तत्पश्चात् मुनि को नमस्कार करके दीक्षा धारण की इच्छा से राजा दशरथ वहां से उठे और अपने घर लौट आये।

कुलभूषण और देवभूषण मुनि तथा अनलप्रभ देव
(पूर्वभव के वैर-सम्बन्ध का वृत्तान्त)

पद्म नामक नगर में विजय पर्वत नाम का राजा राज्य

करता था। उसके एक दूत का नाम अमृतस्वर था। अमृतस्वर की स्त्री उपयोगा के उदर से उदित तथा मुदित नाम के दो पुत्र थे। अमृतस्वर का वसुभूति नामक एक ब्राह्मण मित्र था। उसके साथ उपयोगा का प्रेम सम्बन्ध होगया। वह अपने प्रेमी से कहने लगी—"अगर तुम मेरे पति (अमृतस्वर) को मार डालो तो हम लोग निर्भय होजायेंगे।" वसुभूति ने उपयोगा की बात स्वीकार करली और वह अमृतस्वर को मार डालने का अवसर खोजने लगा। कहा भी है—'कामी पुरुष कौन-सा कुकृत्य नहीं कर डालता है?' कुछ दिनों बाद अमृतस्वर और वसुभूति, राजा के काम से विदेश जाने के लिए निकले। मौका पाकर वसुभूति ने राह में ही अमृतस्वर का काम तमाम कर दिया और स्वयं नगर में आकर लोगों से कहने लगा-'अमृतस्वर स्वयं परदेश चला गया है और एक विशेष प्रयोजन से मुझे पीछे लौटा दिया है।' उसने उपयोगा से कहा—'लो, हमारे तुम्हारे सम्भोग में विघ्न डालने वाले अमृतस्वर को, तुम्हारे कथनानुसार मैंने यमलोक भेज दिया है।' उपयोगा ने कहा–'बहुत अच्छा किया' पर जब तक मेरे ये दोनों पुत्र जीवित हैं तब तक हम लोग मनचाही मौज नहीं लूट सकते। अगर ये दोनों मर जायें तो बस, फिर कोई अड़चन नहीं रह जायगी। वसुभूति बोला 'तुम चिंता न करो। मैं इन्हें भी मार डालूंगा।' दैवयोग से इनकी इस गुप्त मंत्रणा का हाल वसुभूति की स्त्री को मालूम होगया। उसके हृदय में ईर्षा की आग भड़क उठी और उसने उपयोगा के पुत्र उदित और मुदित को यह सारी घटना कह सुनाई। यह सुनते ही उदित के क्रोध का पार न रहा। उसने अवसर पाकर वसुभूति की जीवन-लीला समाप्त करदी। वसुभूति मर कर नलपल्ली में म्लेच्छ हुआ। तदन्तर किसी समय विजयपर्वत राजा ने मतिवर्धन नामक मुनि से धर्मदेशना सुन कर दीक्षा धारण की। और उदित तथा मुदित दोनों भाईयों ने भी दीक्षा ग्रहण की। ये दोनों साधु साथ साथ विहार करते हुए कर्मयोग से वे रास्ता भूल जाने के कारण नलपल्ली नामक उसी म्लेच्छ बस्ती में पहुँच गये। वहीं वसुभूति का जीव म्लेच्छ हुआ था। इन दोनों साधुओं को देखते ही उसे जाति स्मरण ज्ञान होगया। पूर्वभव की घटना स्मरण हो आने से पूर्व वैर का स्मरण करके वह मुनियों को मारने दौड़ा पर म्लेच्छों के राजा ने उनकी रक्षा की।

म्लेच्छ राजा और इन मुनियों का पूर्वभव का सम्बन्ध यह था—म्लेच्छ राजा पूर्वजन्म में एक मृग था। उसे एक शिकारी ने मारा था उदित और मुदित मुनियो के जीव वहां किसान रूप में थे, उस समय मृग को शिकारी से बचाया था। इसी कारण म्लेच्छ राजा ने इनकी रक्षा की। आखिर वहां से विहार करके दोनो मुनि धर्म-कृत्य करके अन्त में अनशन धारण कर काल करके महाशुक्र नामक स्वर्ग में सुन्दर और सुकेश नामक दो देव हुए। वसुभूति का जीव म्लेच्छ योनि भोग कर मरने के बाद चिरकाल तक अनेकानेक योनियों में घोर वेदनाएँ सहन करता हुआ, एक बार किसी शुभ कर्म के योग से, अत्यन्त कठिनाई से मनुष्य रूप में उत्पन्न हुआ। उस जन्म में तापक होकर मरने के पश्चात् ज्योतिष्क देवलोक में यह धूमकेतु नामक देव हुआ, तदनन्तर उदित तथा मुदित के जीव महाशुक्र स्वर्ग से चलकर भरत-क्षेत्र में अरिष्ट नगर के राजा प्रियंवद की रानी पद्मावती के उदर से रत्नरथ और चित्ररथ नाम के दो पुत्र हुए। ज्योतिष्क देवलोक से भ्रष्ट होकर धूमकेतु भी उसी राजा की कनका नामक दूसरी रानी के उदर से अनुद्धर नामक पुत्र हुआ। वह रत्नरथ और चित्ररथ के साथ वैर करने लगा, पर इन दोनों ने उसके प्रति कभी भी द्वेष नहीं किया। कुछ समय के बाद राजा प्रियंवद ने रत्नरथ को राज सिंहासन पर बिठा कर, शेष दो पुत्रों को युवराज-पद दिया और आप छह दिन का अनशन करके, काल कर देवलोक में देव होगया। राजा रत्नरथ राज्य का संचालन करने लगा।

एक समय की बात है। युवराज अनुद्धर ने किसी राजा की कन्या की मँगनी की। राजा ने वह कन्या अनुद्धर को न ब्याह कर राजा रत्नरथ को ब्याह दी। इससे अनुद्धर आग बबूला होगया और राज्य में लूटमार मचाने लगा। शत्रु ने पकड़ कर उसकी खूब मरम्मत की और उसे छोड़ दिया। तब वह तापस होगया। वहां किसी स्त्री के साथ समागम होगया और उसकी तपस्या निष्फल होगई। इस कारण मृत्यु के बाद चिरकाल तक भव-भ्रमण करते करते किसी कर्म के उदय से फिर मनुष्य भव की प्राप्ति होगई। इस भव में भी उसने तापस-दीक्षा अंगीकार करके अज्ञान-तप किया। इससे मरने के बाद वह ज्योतिष्क नामक देवलोक में अनलप्रभ

नामक देव हुआ। रत्नरथ और चित्ररथ नामक दोनों भाई धर्म लाभ करके, जिन-दीक्षा अंगीकार करके, अन्त में अच्युत कल्प नामक स्वर्ग में अतिबल और महाबल नामक महर्द्धिक देव हुए। वहा से चल कर सिद्धार्थ नगर में क्षेमकर राजा की रानी विमला देवी की कूख से कुलभूषण और देवभूषण नाम से हम दोनों भाई पुत्र रूप में जन्मे। हम क्रमशः बडे हुए तो हमारे पिताजी ने घोष नामक उपाध्याय के पास अध्ययन करने के लिए हमें भेज दिया। बारह वर्ष तक उपाध्याय के घर रह कर हम दोनों ने विद्याभ्यास किया। तेहरवा वर्ष लगने पर हम समस्त कलाओं में कुशल होगये। तब घोष उपाध्याय हमें राजमन्दिर में ले आये। वहा राजमहल की खिड़की में बैठी हुई एक राजकन्या को देख कर, उसके लावण्य के कारण हमारे अन्तःकरण में काम विकार जागृत होगया। अज्ञानवश हमारी दृष्टि उसके सम्बन्ध में विकृत होगई।

हम राजा के पास आये। हमने सीखी हुई सब कलाएँ उन्हें बताई। महाराज ने प्रसन्न होकर उपाध्याय को अच्छी सीख (विदाई) देकर विदा किया। हम पिताजी की आज्ञा लेकर अपनी माता को नमस्कार करने के लिए अन्त पुर में गये। वहाँ वह कुमारी माता के पास बैठी दिखलाई दी। उस समय हमारी माता ने हमसे कहा—'यह कनकप्रभा तुम्हारी बहिन है। जब तुम दोनों भाई उपाध्याय के यहां पढने चले गये तब इसका जन्म हुआ था। यह बात तुम्हें अब तक मालूम नहीं है।' माता के मुख से यह वृत्तान्त सुन कर हम लज्जित हुए। अज्ञानवश अपनी बहिन के साथ काम-भोग भोगने की इच्छा होने के लिए हमें धिक्कार है। ऐसा समझ कर वैराग्य होजाने से हम तत्काल वहां से निकल पडे और गुरु के पास पहुँच कर दीक्षित होगये।

कुछ दिनों बाद हम शरीर से निरपेक्ष होकर और अहंकार का परिहार कर इस पर्वत पर आकरके कायोत्सर्ग ध्यान में रहे। हमारे पिता क्षेमंकर राजा हमारे वियोग से अनशन व्रत लेकर काल करने के बाद गरुड़ देवलोक मे महालोचन देव हुए। एक बार अपने अंग के कम्पन से उन्होंने समझा कि हमारे ऊपर कोई उपसर्ग

आ पड़ा है। पूर्व जन्म के स्नेह से पीड़ित होकर वह हमारे पास आये। उनके साथ अनलप्रभ तथा और भी देव आये थे। वे सब इकट्ठे होकर अनन्तवीर्य नामक महामुनि के पास गये। उस समय महामुनि धर्मदेशना देने बैठे थे। धर्मदेशना समाप्त होने के बाद उनके एक शिष्य ने उनसे पूछा—महाराज! आपके पश्चात् केवली कौन होगा? उन्होंने उत्तर दिया—मेरे शरीर त्यागने के बाद कुल-भूषण और देवभूषण दोनो भाई केवल ज्ञान प्राप्त करेंगे। यह सुन कर सब देव अपने अपने स्थान पर चले गये। अनलप्रभ विभग ज्ञान द्वारा हमें कायोत्सर्ग ध्यान में जान कर, अनन्तवीर्य मुनि के वचनों को मिथ्या करने के लिए और पूर्वजन्म सम्बन्धी वैर क कारण हमें अत्यन्त दुःख पहुँचाने लगा। उसके उपद्रवों को आज चौथा दिन हुआ है। आज तुम दोनों भाईयों के आने से डर कर वह यहां से भाग गया है और इस निमित्त को पाकर हमें केवलज्ञान की प्राप्ति हुई है। यद्यपि इस देव ने हमें दुःख पहूँचाने के अनेक उपाय किये, पर वह हमारे कर्म-क्षय में सहायक हुआ है। इस प्रकार कुलभूषण तथा देवभूषण नामक मुनियों का तथा उन पर उपसर्ग करने वाले अनलप्रभ देव का, पूर्वजन्म का सम्पूर्ण सम्बन्ध उन मुनि ने राम लक्ष्मण को कह सुनाया।

इन्द्रजीत और मेघवाहन का पूर्वभव-सम्बन्ध

पहले भरत क्षेत्र की कौशाम्बी नगरी में तुम दोनों प्रथम और पश्चिम नामक अत्यन्त दरिद्र भाई थे। वहां तुम दोनों ने भवदत्त नामक महामुनि के पास धर्म श्रवण कर दीक्षा अंगीकार की और कषाय का त्याग कर विहार करने लगे। विहार करते-करते दोनों मुनि एक बार कौशाम्बी नगरी में आये। वहां उन मुनियों ने कौशांवी के राजा नन्दिघोस को अपनी इंदुमुखी नामक रानी के साथ क्रीडा करते देखा। यह देखकर पश्चिम नामक मुनि ने निदान (नियाणा) किया कि—'इस तप के प्रभाव से मैं भी इसी प्रकार क्रीडा करने वाला पुत्र होऊँ।' दूसरे मुनि ने उसे बहुत रोका तथापि उसका वह निदान पक्का बँध गया। अतएव मरण होने के पश्चात् पश्चिम मुनि का जीव, उसी नन्दिघोस राजा की इन्दुमुखी रानी के

उदर से पुत्र रूप से उत्पन्न हुआ। उसका नाम रतिवर्द्धन रक्खा गया, क्रमशः वह यौवन अवस्था में आया और राजगद्दी पर आरूढ हुआ। इसके बाद वह अपने पिता की तरह अपनी पत्नी के साथ क्रीडा करने लगा, प्रथम नामक दूसरे मुनि कालधर्म पाकर तपस्या के योग से पचम कल्प देवलोक में एक महान् ऋद्धि-धारी देव हुए। देव ने अवधिज्ञान द्वारा अपने पूर्वजन्म के भाई की उत्पत्ति जानी और उसे बोध देने के उद्देश्य से वह मुनि का वेष धारण कर उसके पास आया। राजा रतिवर्द्धन ने विनयपूर्वक वन्दना करके उसे आसन पर बिठलाया। इसके बाद मुनि-वेषधारी देव ने बन्धु-प्रेम से प्रेरित होकर अपना और उसका पूर्वभव कह सुनाया। पूर्वभव सुनने से रतिवर्द्धन राजा को जाति-स्मरण ज्ञान उत्पन्न होगया और उसने विरक्त होकर दीक्षा अंगीकार करली। वहा से काल करके तुम दोनों भाई विदेह क्षेत्र में विबुद्ध नगर के राजा हुए। वहा तुम दोनो ने धर्म-देशना सुन कर दीक्षा धारण की और अन्त में देह त्याग कर अच्युत देवलोक में उत्पन्न हुए। वहां से चलकर इन्द्रजीत तथा मेघवाहन नाम से तुम दोनों भाई प्रतिवासुदेव रावण के पुत्र हुए हो रतिवर्द्धन की माता इन्दुमुखी वहा से काल करके अनेक भव करने के बाद तुम्हारी माता मन्दोदरी हुई है।

राजा भरत और भुवनालंकार हाथी का पूर्वभव-संबंध

श्री ऋषभदेव स्वामी के साथ चार हजार राजाओं ने दीक्षा ग्रहण की थी। उनमें से श्रीऋषभदेव भगवान आहार का त्याग करके और मौन धारण करके विचरने लगे। अतएव उनके साथ दीक्षा लेने वाले सब तापस आहार के बिना दुःखी होने लगे। इन तापसो में चन्द्रोदय तथा सूर्योदय नामक दो तापस प्रह्लादन सुप्रभ राजा के पुत्र थे। काल करके अनेक भवों में चिरकाल तक भटकने के बाद, उनमें से चन्द्रोदय गजपुर के राजा हरमति की रानी चन्द्र-लेखा की कूंख से कुलंकर नामक पुत्र हुआ। सूरोदय भी उसी नगर में विश्वभूति ब्राह्मण की अग्निकुण्डा पत्नी के उदर से श्रुतिरति नामक पुत्र हुआ। राजकुमार कुलंकर यौवन अवस्था प्राप्त होने पर सिंहासन पर आसीन हुआ। एक बार वह तापसों के आश्रम में गया

था। वहां अभिनन्दन नामक अवधिज्ञानी साधु ने उनसे कहा—इस आश्रम में पञ्चाग्नि साधन करने वाला एक तपस्वी जलाने के लिए लक्कड़ लाया है। उसमें एक सांप है। वह तुम्हारे पूर्वजन्मों में से एक जन्म का क्षेमकर नामक पितामह है। अतएव उस लक्कड़ को चीर कर उसकी रक्षा करो। मुनि का कथन सुन कर राजा कुलंकर दुःखी हुए और तत्काल ही उन्होंने लक्कड़ चिरवाया। उसमें सच-मुच एक सांप निकला। यह देख कर राजा कुलंकर को वैराग्य हो आया और उन्होंने दीक्षा लेने का विचार किया। इतने श्रुतिरति ब्राह्मण राजा से कहने लगा—हे राजन्! इस धर्म का नाम क्या है? अगर आपकी इच्छा हो ही तो वृद्धावस्था में उसे अंगीकार करना। इस समय क्यों दुःख भोगना चाहिये? ब्राह्मण का यह कथन सुन कर कुलंकर ने दीक्षा लेने का आग्रह त्याग दिया। राजा की पत्नी श्रीदामा का इस उपाध्याय (श्रुतिरति) का अनुचित सम्बन्ध था। एक बार उसने सोचा अगर हमारे कार्य की खबर राजा को लग गई तो वह हमें मार डालेगा। अतएव मैं ही राजा को मार डालूं तो झंझट मिटेगी। ऐसा विचार करके श्रीदामा ने उपाध्याय की सलाह से अपने पति कुलंकर राजा को विष देकर मार डाला। इसके बाद कुछ दिनों में श्रुतिरति ब्राह्मण भी मर गया। ये दोनों दीर्घ काल तक नाना प्रकार की योनियों में भटकते फिरे। उसके बाद किसी समय राजगृह नगर में कपिल ब्राह्मण की स्त्री सावित्री के उदर से विनोद और रमण नामक दो युगल पुत्र जन्मे। उनमें से रमण वेदाध्ययन करने के लिए परदेश गया था। कुछ समय बाद वेद का अध्ययन करके वह अपने घर लौट रहा था। जब वह राजगृह नगर के नजदीक आ पहुँचा तब रात्रि होजाने के कारण वहीं एक यक्ष के मन्दिर में सोगया। उसी जगह उसके भाई विनोद की स्त्री शाखा, दत्त नामक एक ब्राह्मण के साथ संकेत करके रात्रि के समय आई। उसके पीछे पीछे विनोद भी आया। शाखा रमण को ही दत्त समझ कर उसके साथ भोग भोगने के लिए उतारू होगई। इधर विनोद ने अपने भाई को पहचान न सकने के कारण तलवार के घाट उतार दिया। तब रमण की इच्छा रखने वाली शाखा ने विनोद के भी प्राण लेलिये। विनोद दीर्घ काल तक भव-भ्रमण करके किसी विश्व सेठ के यहां धन नाम से पुत्र हुआ। रमण भी भवाटवी में भटकता

भटकता उसकी स्त्री लक्ष्मी के पेट से भूषण नामक पुत्र हुआ। यौवन अवस्था प्राप्त होने पर पिता की आज्ञा से बत्तीस कन्याओं के साथ उसका विवाह हुआ। एक बार रात के समय स्त्रियों के साथ क्रीड़ा करता हुआ वह बैठा था। उसी पिछली रात्रि में श्रीधर नामक एक मुनि को केवल ज्ञान उत्पन्न हुआ। देवताओं ने केवलज्ञान का महोत्सव किया। यह देख कर धर्म के प्रति उसकी रुचि जागृत हुई। अतएव वह उसी समय उठ कर उन साधुओं को वन्दना करने के लिए चल पड़ा। रास्ते में जाते समय उसे एक साप ने काट खाया। उस समय उसके परिणाम शुभ थे, अतएव काल करके उसने शुभ गति पाई। तदनन्तर जम्बू द्वीप के महाविदेह क्षेत्र में, हनुपुर नगर में, अचल चक्रवर्ती राजा की महारानी हरिणी की कुक्षी से वह प्रियदर्शन नामक धर्मतत्पर पुत्र हुआ। वहां उसने दीक्षा लेने की इच्छा की, पर अपने पिता की आज्ञा से तीन हजार कन्याओं के साथ उसने विवाह किया, फिर भी उसका अन्तःकरण वैराग्यमय ही बना रहा। गृहवास में रहते हुए भी चौसठ हजार वर्ष उत्तम तप करके वह ब्रह्मलोक स्वर्ग में देव हुआ।

धन सेठ मर कर लम्बे समय तक संसार में परिभ्रमण करता हुआ पोतनपुर नगर में शकुनाग्निमुख ब्राह्मण की पत्नी ब्रह्मपत्नी के उदर से मृदुमति नामक पुत्र हुआ। वह पुत्र अविनयी था। अतएव उसके पिता ने उसे बाहर निकाल दिया। परन्तु कुछ समय बाद समस्त कलाएँ सीख कर वह घर लौट आया। घर आकर वह रात दिन जुआ खेलने लगा। उसे जीतने में कोई भी समर्थ न हो सका, अतएव उसने बहुत सा धन कमा लिया। फिर उसी नगर में रहने वाली बसन्तसेना नामक वेश्या के साथ उसका प्रेम-सम्बन्ध होगया और उसने खूब भोग भोगे। अन्त में वैराग्य होने से उसने दीक्षा धारण करली। शक्ति के अनुसार चारित्र का पालन कर वह भी ब्रह्म देवलोक में उत्पन्न हुआ। वहा से चल कर पूर्वजन्म के माया दोष के कारण वह वैताढ्य पर्वत पर भुवनालंकार नामक हाथी हुआ है। प्रियदर्शन का जीव भी ब्रह्म देवलोक से चलकर तुम्हारा यह महाभुज भाई भरत हुआ है। इनका दर्शन होते ही हाथी को जाति-स्मरण ज्ञान हुआ है और वह मद-रहित होगया है। कहा है—'विचार करने से रौद्र भय नहीं रहता।'

शत्रुघ्न के पूर्वभव का वृत्तान्त

शत्रुघ्न का जीव एक बार मथुरा नगरी में उत्पन्न हुआ। वह किसी समय साधुओं की सेवा करने वाला श्रीधर नामक ब्राह्मण हुआ, वह बहुत रूपवान था। एक बार वह रास्ते में जा रहा था तब वहां के राजा की रानी ललिता की नजर उस पर पड़ गई। रानी उस पर मोहित होगई। कामभोग भोगने की इच्छा से रानी ने उसे अपने पास बुलाया। श्रीधर के आने पर राजा भी अचानक वहां आ पहुँचा। इससे ललिता बहुत घबराई। श्रीधर को देखकर राजा चिल्लाया—'चोर है चोर इसे पकड़ लो।' राजा के कर्मचारी तत्काल दौड़े और श्रीधर को पकड़ कर बांध लिया। राजा की आज्ञा पाकर कर्मचारी उसे सूली पर चढ़ाने के लिए ले गये। उस समय कल्याण नामक एक साधु ने श्रीधर को देखा। उसे देखकर मुनि ने जान लिया कि यह ब्राह्मण साधु सेवक है। अतएव मुनि ने उसे छोड़ देने के लिए राजा को समझाया। राजा ने उसे छोड़ दिया और तत्काल ही दीक्षा लेली। दीक्षा पालन कर शरीर का अन्त होने पर वह स्वर्ग चला गया।

स्वर्ग से चल कर वह मथुरा के राजा चन्द्रप्रभ की स्त्री कांचनप्रभा के उदर से अचल नामक पुत्र हुआ। अचल, राजा चन्द्रप्रभ को बहुत प्यारा था, अतएव उसीको राज्य मिलेगा, यह सोच कर उसके भानुप्रभ आदि आठ सौतेले भाईयों को बड़ी डाह हुई और वे उसे मार डालने का प्रयत्न करने लगे। प्रधानमन्त्री को यह रहस्य मालूम होगया और उसने अचल को सावधान कर दिया। अचल वहां से भाग गया। रास्ते में एक जंगल आया और जंगल में कांटा चुभने के कारण वह रोने लगा। वहां होकर श्रावस्ती नगरी का निवासी, अपने पिता द्वारा बाहर निकाला हुआ, अंक नामक एक पुरुष लकड़ियों का भारा लिये जा रहा था। उसने अचल को रोते देख भारा नीचे उतारा और अचल के पैर में से कांटा निकाल दिया। कांटा निकल जाने पर वेदना कम होजाने से अचल ने कहा—'तुमने बहुत अच्छा किया है। जब तुम सुनो कि मथुरा में अचल राजा हुआ है, तब वहां आना। तुम मेरे महान् उपकारक हो।'

अचल वहां से रवाना होकर कौशाम्बी नगरी पहुँचा। वहां उसने सिंहगुरु नामक आचार्य के समीप धनुर्विद्या का अभ्यास करने वाले राजा इन्द्रदत्त को देखा। अचल ने भी उसे अपना धनुष चलाना बताया। इससे प्रसन्न होकर राजा इन्द्रदत्त ने पृथ्वी अपनी कन्या उसे प्रदान करदी। अचल ने बलवान होकर अग आदि देश जीत लिये। इसके बाद उसने मथुरा नगरी पर चढाई करदी और भानुप्रभ आदि आठो सौतेले भाईयों को कैद कर लिया। तब उसके पिता चन्द्रप्रभ ने, अपने पुत्रों को छुड़ाने के लिए अपने प्रधान मन्त्री को उसके पास भेजा। अचल के पास आकर प्रधानमन्त्री ने भानुप्रभ आदि को छोड़ने की प्रार्थना की। उस समय अचल ने अपना संपूर्ण पूर्व वृत्तान्त कह कर उसे विदा किया। प्रधानमन्त्री ने सारा वृत्तान्त राजा चन्द्रप्रभ से निवेदन किया। राजा चन्द्रप्रभ अचल के ऊपर अत्यन्त प्रसन्न हुआ और यद्यपि अचल सबसे छोटा था फिर भी मथुरा में लाकर उसका राज्यभिषेक कर दिया। अचल पर ईर्षा रखने वाले भानुप्रभ आदि आठो पुत्रों का देश-निकाला देदिया। पर अचल ने उन्हें वापिस बुलाकर अपना सेवक बना लिया। इसके बाद एक बार अचल राजा ने नाट्यगृह में, अपने पैर का कांटा निकालने वाले अंक को देखा। उसने उसी समय सेवकों को भेज कर अंक का अपने पास बुला लिया और उसकी जन्मभूमि श्रावस्ती नगरी का राज्य उसे दे दिया। दोनों एकता पूर्वक राज्य करने लगे। कुछ समय बीत जाने के बाद अचल और अंक ने विरक्त होकर समुद्रगुप्ताचार्य के समीप दीक्षा धारण करली। दोनों दीक्षा पालन करके अन्त में ब्रह्म देवलोक में जन्म ग्रहण किया। अचल का जीव वहा से चल कर यह तुम्हारा छोटा शत्रुघ्न हुआ है। पूर्वजन्म के मोह के कारण उसे मथुरा नगरी का राज्य लेने की इच्छा हुई। अंक का जीव ब्रह्म देवलोक से आकर तुम्हारा यह कृतान्तवदन नामक सेनापति हुआ है।

राम, लक्ष्मण, सीता विभीषण, रावण, सुग्रीव लवणांकुश आदि का पूर्वभव वृत्तान्त

प्राचीन काल में दक्षिणार्ध भरत क्षेत्र में क्षेमपुर नामक

एक नगर था। वहां नयदत्त नामक एक वाणिक् निवास करता था। उसकी सुनन्दा नामक स्त्री के उदर से धनदत्त और वसुदत्त नामक दो पुत्र उत्पन्न हुए। याज्ञवल्क्य नामक एक ब्राह्मण के साथ उसकी मित्रता थी। उसी नगर में एक सागरदत्त नामक दूसरा वाणिक भी रहता था। उसकी पत्नी रत्नप्रभा के पेट से उत्पन्न गुणधर नामक पुत्र और गुणवती कन्या थी। सागरदत्त ने अपनी कन्या गुणवती, नयदत्त के पुत्र धनदत्त को देदी और उसकी पत्नी ने द्रव्य के लोभ से उसी नगर में रहने वाले श्रीकान्त नामक सेठ को देदी। याज्ञ-वल्क्य को यह समाचार मालूम हुआ तो उसने धनदत्त तथा वसुदत्त से कह दिया। क्रोध से आग बबूला होकर वसुदत्त श्रीकन्त को मार डालने के लिए रात में रवाना हुआ। वहां उसने श्रीकान्त को मारा और श्रीकान्त ने तलवार से वसुदत्त को मार डाला। मरने के बाद दोनों विन्ध्याटवी में मृग हुए। गुणवती भी अविवाहित अवस्था में ही मर कर उसी अटवी में मृग के रूप में जन्मी। उसके लिए फिर दोनो मृग आपस में लडे और दोनों की मृत्यु होगई। पारस्परिक वैर के कारण वे दोनो अनेक भवों में भटकते फिरे।

इधर धनदत्त अपने भाई वसुदत्त की मृत्यु से दुःखी हुआ रात में भटक रहा था, तब उसे भूख लगी। उसी समय उसकी दृष्टि कुछ साधुओं पर जा पड़ी। उसने उनसे खाना मांगा। मुनियों में से एक ने कहा–'साधु तो दिन में भी अन्नपानी नहीं रखते, ऐसा होते हुए भी तुम्हें रात में भोजन मांग कर खाने की इच्छा क्यों हुई? ऐसे अंधकार में अन्न को कौन देख सकता है?' इस प्रकार बोध देकर उसके कानों में बोध रूपी अमृत डालकर मुनि वहां से चले गये। तत्पश्चात् काल करके धनदत्त सौधर्म देवलोक में देव हुआ। देवभव की आयु पूर्ण करके वह महापुर नगर में मेरुनन्दन नामक श्रावक की धारिणी स्त्री की कूंख से पद्मरुचि नामक पुत्र हुआ। यौवन अवस्था प्राप्त होने पर किसी समय वह अपनी इच्छा से घोडे पर सवार होकर गोकुल की ओर गया। रास्ते में उसने मरणासन्न पडे हुए बैल देखे। उसके दिल में दया उमड़ पड़ी अतएव वह घोडे से नीचे उतरा, बैलों के पास गया और उनके कान में पंचपरमेष्ठी (नवकार) मन्त्र सुनाया। उनमें का एक बूढा बैल देह त्यागने के बाद नवकार-

मन्त्र के प्रताप से, उसी नगर में, छत्रछाय राजा की रानी श्रीदत्ता के उदर से वृषभध्वज नामक पुत्र हुआ। वह बड़ा होकर इच्छानुसार इधर उधर डोलता फिरता था। एक बार वह बैलों के पहले वाले स्थान पर आया। पूर्वजन्म के दर्शन से उसे वहां जातिस्मरण ज्ञान होगया। उसने उस स्थान पर एक मकान बनवाया और उसकी दीवाल पर मरणासन्न बैलों के चित्र बनवाये। साथ ही बैलों के कान में नवकारमन्त्र सुनाने वाले पुरुष को चित्रित किया। इसके बाद उसने वहां पहरेदार नियत कर दिये और उन्हें हिदायत करदी कि इन चित्रों को जो मनुष्य यथार्थ-साक्षात् की तरह देखे, उसकी खातरी करके उसी समय मेरे पास आकर निवेदन करना। इस प्रकार व्यवस्था करके वृषभध्वज कुमार अपने महल को चला गया।

इसके बाद कुछ दिन व्यतीत होजाने पर वह पद्मरुचि सेठ वहां आया और उसने दीवाल पर चित्र देखे। चित्र देख कर वह चकित सा रह गया और कहने लगा—यह सब मुझे लक्ष्य करके चित्रित किया गया है। यह बात पहरेदारों ने वृषभध्वज के पास जाकर निवेदन की। वृषभध्वज वहां आया और पद्मरुचि से पूछने लगा—इन चित्रों का आप क्या वृत्तान्त जानते हैं? तब पद्मरुचि ने कहा—पहले मरते हुए इन बैलों को मैंने नवकारमन्त्र सुनाया था। इस बात को जानने वाले किसी पुरुष ने यहां मेरा चित्र अंकित किया है। इतना सुनते ही वृषभध्वज ने उसे नमस्कार किया और कहा-यह जो वृद्ध बैल अंकित है, वह मैं हूँ। आपके द्वारा सुनाये गये नवकारमन्त्र के प्रभाव से मैं राजपुत्र हुआ हूँ। इस तिर्यञ्च योनि में कृपा करके आपने मुझे नवकारमन्त्र न सुनाया होता तो फिर मुझे वैसी ही योनि मिलती। यह आपका ही प्रताप है। अतएव आप मेरे स्वामी, गुरु तथा देव हैं। यह राज्य भी मुझे आपके ही प्रताप से मिला है अतएव उसे आप ही स्वीकार कीजीये और उसका उपभोग कीजिये।

इसके बाद पद्मरुचि तथा वृषभध्वज श्रावक के व्रतों का पालन करते हुए दिन बिताने लगे। इस प्रकार बहुत समय व्यतीत होजाने पर दोनों आयु का अन्त होने के बाद ईशान देवलोक में महान् ऋद्धिधारी देव हुए। उनमें से पद्मरुचि का जीव स्वर्ग से चल

कर मेरु की पश्चिम दिशा में, वैताढ्य पर्वत पर नन्दावर्त्त नगर में राजा नन्दीश्वर की स्त्री कनकमाली की कूंख से नयनानन्द नामक पुत्र हुआ। बहुत समय राज्य का सुख भोग कर, अन्त में दीक्षा ग्रहण करके, काल करके माहेन्द्र देवलोक में देव हुआ। वहां से चल कर पूर्व महाविदेह क्षेत्र में क्षेमा नगरी के नरपाल विपुलवाहन की रानी पद्मावती के उदर से श्रीचन्द नामक पुत्र हुआ। वह फिर बहुत समय तक राजभोग भोग कर समाधिगुप्त मुनि के समीप दीक्षा ग्रहण करके, आयु पूर्ण होने पर काल करके ब्रह्म देवलोक का इन्द्र हुआ। वहां से चलकर पद्म नामक बलवान राजा राम हुआ, और वृषभध्वज ईशान स्वर्ग से चल कर, कितनेक भव करके यह सुग्रीव हुआ है।

श्रीकान्त का जीव मृग भव के पश्चात् अनेक पर्यायों में भ्रमण करता हुआ मृणालकन्द पत्तन में वज्रजम्बू नामक राजा की स्त्री हेमवती के उदर से शम्भु नामक पुत्र हुआ। वसुदत्त का जीव भी इसी प्रकार अनेक भवों में भटकने के बाद शंभु राजा के उपाध्याय विजय की पत्नी रत्नचूड़ा की कूंख से श्रीभूति नामक पुत्र हुआ। गुणवती भी भव-भ्रमण करके श्रीभूति की स्त्री शाश्वती के उदर से वेगवती नामकी कन्या हुई। वेगवती जब यौवन अवस्था में आई तब उसने एक बार मानव-समूह द्वारा वन्दनीय सुदर्शन नामक प्रतिमाधारी साधु को देख कर उनका उपहास किया। वह बोली—'ओ हो! आज यह साधु दिखाई पड़ा है। पहले तो यह औरतों के साथ क्रीडा करता फिरता था। उन स्त्रियों को इसने और कहीं भेज रक्खी है। न मालूम क्यों ऐसों को लोग वन्दना करते हैं? वेगवती के इस प्रकार कहने से जनता की श्रद्धा उन मुनि पर नहीं रही और लोगों ने उन पर दोपारोपण करके उनके साधुपन को नष्ट करना आरम्भ कर दिया। यह अवस्था देख मुनि ने प्रतिज्ञा की—'जब तक मुझ पर लगाया हुआ कलंक न मिट जायगा तब तक मैं पारणा नहीं करूंगा।' इस प्रकार की प्रतिज्ञा करने पर देवता के कोप से वेगवती के मुख पर सूजन चढ गई। वेगवती के पिता ने सोचा साधु के माथे मिथ्या कलंक मढने का ही यह भयानक फल है। अतएव उसने वेगवती का खूब तिरस्कार किया। इसके पश्चाताप घोर वेदना से पीड़ित और पिता के भय से भीत वेगवती सुदर्शन मुनि के पास

गई और सब लोगों के सामने चिल्ला चिल्ला कर कहने लगी-'हे क्षमा सागर ! मेरा अपराध क्षमा करें। हे मुनिवर, आप सर्वथा निर्दोष हैं आपको मिथ्या कलंक लगाया है।' यह सुनकर लोगों ने पुन मुनि की पूजा की। उसी दिन से वेगवती निरोग होकर श्राविका बन गई। वह अत्यन्त रूपवती थी, अतएव राजा शम्भु ने उसकी मँगनी की। तब उसके पिता श्रीभूति ने कहा-'मैं मिथ्यादृष्टि पुरुष को अपनी कन्या नहीं दे सकता।' राजा शम्भु ने श्रीभूति को मारकर बलात्कार से उसकी कन्या वेगवती का उपभोग किया। अतएव वेगगती ने राजा को शाप दिया कि मैं अगले जन्म में तेरा वध करने के लिए उत्पन्न होऊँगी। इस भय से शम्भु राजा ने वेगवती को त्याग दिया और वेगवती ने हरिकान्ता नामक साध्वी के पास दीक्षा अंगीकार करली, कुछ समय तक पच महाव्रत पालकर वेगवती काल करके ब्रह्म देवलोक में देवी हुई। वहां से चलकर शम्भु राजा का जो जीव रावण हुआ है, उसकी मृत्यु के लिए पहले किये हुए निदान के प्रभाव से वेगवती राजा जनक की कन्या सीता हुई है। पूर्वभव में उसने सुदर्शन मुनि को मिथ्या कलक लगाया था अतः इस भव में उसे लोगो ने झूठा दोष लगाया है। राजा शम्भु मरने के बाद कितने ही भवों में भ्रमण करके कुशध्वज ब्राह्मण की स्त्री सावित्री के उदर से प्रभास नामक पुत्र हुआ। उसने विजयसेन मुनि के समीप दीक्षा ग्रहण की और उग्र तपस्या करता हुआ विचरने लगा। एक बार इन्द्र के समान समृद्धिशाली विद्याधरों के स्वामी कनकप्रभ को, ऋद्धि के साथ प्रभास मुनि ने देखा। उसे देख कर मुनि ने निदान किया कि—'मैं अपने इस तीव्र तपश्चरण के प्रभाव से ऐसा सम्पत्ति-शाली होऊँ।' इसके बाद वह काल करके तीसरे स्वर्ग में देव हुआ। वहां से चलकर पहले किये हुये कनकप्रभ के बराबर ऋद्धि के निदान के कारण वह तुम्हारा भाई रावण हुआ है। धनदत्त और वसुदत्त का मित्र याज्ञवल्क्य ब्राह्मण चिरकाल तक भव-कानन में चक्कर लगाता हुआ तुम अर्थात् विभीषण हो।

शंभु राजा के उपाध्याय विजय का पुत्र और वेगवती के पिता श्रीभूति का जीव काल करके, स्वर्ग में जाकर, फिर वहा से चलकर सुप्रतिष्ठ नगर में पुनर्वसु नामक विद्याधर हुआ। एक बार

काम से पीड़ित होकर उसने पुण्डरिकविजय नामक नगर में निवास करने वाले त्रिभुवनानन्द चक्री की अनंगसुन्दरी नाम की कन्या का हरण किया। उस कन्या को ढूंढने के लिए निकले हुए विद्याधरों के साथ उसका युद्ध हुआ। उस समय अनगसुन्दरी विमान में से उतर कर एक कुंज में जा पहुँची। पुनर्वसु ने उसकी बहुत खोज की पर वह उसे न मिल सकी। अतएव वह उससे मिलने का निदान (नियणा) करके, दीक्षित होकर आयु समाप्त होने पर स्वर्ग में गया। वहां की आयु पूर्ण होने पर चलकर यह लक्ष्मण हुआ है। अनगसुन्दरी जो कुंज में पड़ गई थी. वहीं रह कर उत्तम प्रकार का तप करने लगी। एक बार उसे अजगर ने निगल लिया और समाधिमरण करके वह तीसरे देवलोक में देवी हुई। वहां से चल कर वह लक्ष्मण की स्त्री विशल्या हुई है। गुणवती का भाई गुणधर कुछ काल तक भव-भ्रमण करके कुण्डलमण्डित राजपुत्र हुआ। उस भव में श्रावक के व्रतो का पालन करके वह सीता का भाई भामण्डल हुआ है।

कालिंदी नगरी में वामदेव ब्राह्मण की पत्नी श्यामला के उदर से उत्पन्न वसुनन्द सुनन्द नामक दो पुत्र थे। किसी समय मासोपमास का पारणा करने के लिए एक मुनि उनके घर आये। दोनों भाईयों ने भक्तिभाव के साथ उनको आहार कराया। इस दान धर्म के प्रभाव से दोनों भाई उत्तर कुरुक्षेत्र में युगल (जोड़ला) के रूप में उत्पन्न हुए। वहां से देह त्यागने के पश्चात् वे स्वर्ग में देव हुए। वहां से चल कर कालिंदी नगरी में राजा रतिवर्द्धन की रानी सुदर्शना की कूंख से प्रियकर शुभंकर नाम से भाई के रूप में जन्मे। बहुत समय तक राज्य करके दोनों भाईयों ने दीक्षा अंगीकार की और काल करके ग्रैवेयक देवलोक में देव हुए। वहां से चलकर अनंगलवण तथा मदनांकुश नामक राम और सीता के पुत्र हुए हैं। इनकी पूर्वभव की माता सुदर्शना का जीव चिरकाल पर्यन्त भव-भ्रमण करके इन्हें (लवणांकुश) को विद्या सिखाने वाला यह सिद्धार्थ हुआ है।

परिशिष्ट (३)

श्री जैन पद्य-रामायण का शुद्धाशुद्धि पत्र

अशुद्ध	शुद्ध	पृष्ठ	पंक्ति
स्थान की	स्थानक	१	३
घनवाहन	घनवाहन	२	१८
"	"	२	२२
"	"	३	१
ताम्रयुजः	ताम्रयुजः	३	१६
तेम	हेम	३	१६
श्रीकण्ठ	श्रीकण्ठ	५	१३
लोप	लोक	६	४
माल्यान	माल्यवान	८	४
पुब्वर	पुरवर	८	२३
महोद्रू	महोद्रू	८	२३
न नु	तनु	१२	३
आये	आपे	१४	७
अनन्द	आनन्द	१४	११
सहश्रांस	सहश्रांशु	१८	६
राम	राय	१९	१७
राम	राय	२०	२
तणा चे	तणा बे	२०	१५
भामी	भमी	२०	१६
पाज्यो	पामी	२२	६
वसुदा	वसुधा	२२	१६
म्यारा	म्हारा	२३	१४
याद	याद कर	२३	१६
नाप्ने	नामे	२६	१९

अशुद्ध	शुद्ध	पृष्ठ	पंक्ति
अशामतो	अशातो	२७	२
मयरनी	भयरवनी	२७	२२
रांघत	रांघत ही	३०	२३
त्रट्यां	त्रूट्यां	३०	२५
योगणोप	योगणीप	३२	२७
हूत	दूत	३४	१२
सद्दथ	सद्दथ	३४	२०
हूंसियार	हॅूसीयारी	३४	२४
रावती	रोवती	४४	१३
महियर	सहियर	४६	५
साद्दा	साही	४८	२५
प्राती	प्रीती	७३	८
अजया	अजपा	७५	३
कहूं	करूं	८१	१
गुप	गुप्ती	१०६	६
सजम	संयम	१०७	१४
वालावी	बोलावी	१०८	१६
उद्यम	उद्यम	११२	१८
शाद्दा	शिद्दा	१३७	१५
भांतो	भांति	१४०	२८
विविकप	विवेकप	१४४	२०
राघवजी	राघवजी	१४६	६
पतिन	पतित	१४६	१७
राघव	राघव	१४७	११
राज	राजा	१५१	२३
तृष्णा	तृपा	१५६	२३
जुऊआंजी	जुआजुआ	१६०	२
आवायो	आवीयो	१७७	११
आय	आप	१७६	२०
क प	कहे	१८२	२६

अशुद्ध	शुद्ध	पृष्ठ	पंक्ति
श्रोप	श्रोपे	१६२	१६
वीर	चीर	१६२	२४
मील	भील	१६३	८
थायो	थापो	२०७	१६
यही चाणूं	पहिचाणूं	२०८	१
	ढाल मूलगी	२०८	२
थपो	थयां	२०६	२
श्रकाश	श्राकाश	२०६	५
टकार	टंकार	२१२	११
लोकान्यार	लोकाचार	२२०	२१
सबर	सब रही	२२६	१
मेरे	मेरे	२३५	२६
श्राग्यो	श्रायो	२३६	१३
मव	भव	२४३	१६
निनक	निशंक	२४४	१
केसो	केसी	२४४	१६
रयूं	स्यूं	२४५	६
पाय	पाप	२५६	३
दीयता	टीपता	२५६	१८
सकाभ	सकाम	२६०	२१
माय	बाय	२६८	३
ढले	टले	२८२	४
उच्छुत	उच्छुल	२८२	२४
रात्तक	रात्तस	२८६	६
होजा जा	होजाता	२८६	१७
रम	राम	२६०	६
डत्तर	उत्तर	२६१	३
नव	तव	२६३	२
मेद	भेद	२६४	६
मुभ	मुझ	३०६	१४

अशुद्ध	शुद्ध	पृष्ठ	पंक्ति
कोशनाधीश	कोशलाधीश	३१६	१५
ततूकाल	तत्काल	३१६	१६
आभूपण	आभूषण	३१७	१८
पुक्तो के	शुक्ति	३१८	१
भया	भाया	३१८	६
जा	जावे	३१६	३
ववि	चली	३१६	२०
अदश्ये	अदृश्य	३२०	२६
हानो	हीनो	३२०	२७
थपा	थया	३२५	५
इस	इम	३२५	६
घंटां	घटा	३२५	१८
में तेही	में आते ही	३२५	२०
पदम	पद्म	३२६	१८
कापोंना	कायोना	३२६	६
वणि	वाणि	३२६	१२
भाय	भाया	३३१	३
थाय	थाप	३३१	११
पहिरावी	पधरावी	३३१	१४
आये	आपे	३३२	१७
नाराद	नारद	३३४	१
त्रिक्रूट	त्रिकूट	३३७	११
आपराजिता	अपराजिता	३३७	१७
पदम	पद्म	३४१	२७
ऋपमे	ऋषमे	३४२	३
शंक्या	शका	३४२	२२
इभप	इभ्य	३४३	११
शत्रुंजय	शेत्रुंजय	३४४	१६
क	करे	३४५	२१
पारेले	पाले	३४५	२१

अशुद्ध	शुद्ध	पृष्ठ	पंक्ति
मन्नी	सन्नी	३४६	१३
यहूत्यो	पहूत्यो	३५०	१६
कल्ये	कल्पे	३५३	३
साय	साप	३५३	१४
रत्नपुरे	रत्नपुरे	३५३	१८
हतुर्थी	चतुर्थी	३५४	१३
खिली	लिखी	३५६	१६
वेवसूं	वेगसूं	३५६	२१
घाठ	घात	३५६	२२
यत्न	सयत्न	३५८	८
घात	वात	३६२	१५
ढ़ालने	टालने	३६७	२५
पुष्यों के	पुष्पों के	३६६	५
के दल	दल	३६६	५
प्रण	प्राण	३७०	६
कपाय	कपाय	३७३	१६
विघ्यात	विख्यात	३७३	१६
ह्रस	ह्रास	३७५	१५
किसद्र	किस कद्र	३७५	२०
कसती	सकती	३७६	७
ढल्यो	टल्यों	३७७	१
ढाल	टाल	३७६	१
भमलावी	संभलावी	३७६	१०
तृण	नृण	३७६	२०
भ्रत	भ्रात	३८०	१
इसमें	इनमें	३८१	१२
कपरे	कयरे	३८२	१२
सर्प्	सर्य्	३८२	२५
बालाय	बोलाया	३८४	१
नाये	नापे	८५३	११

अशुद्ध	शुद्ध	पृष्ठ	पंक्ति
ढाली	टाली	३६८	१८
वीसवे	धीनवे	४०३	२५
आप	आय	४०४	६
इन्द्रदिक	इन्द्रादिक	४०६	१४
सीताने शीले करीरे	युद्धे जीत्यो जोईरे	४०६	१
वात	व्रत	४३०	१७
काये	कापे	४३०	२२
चढको	चटको	४३२	३
मोग	भोग	४३२	२३
ढाले	ढोले	४३३	७

ब्रह्मचर्य रक्षा में

तवि	नवि		

परिशिष्ट (४)

धन्यवाद

जिन महानुभावों ने मेरे उत्साह की वृद्धि करने के लिए ग्राहक श्रेणि में पहिले ही से अपना नाम लिखाकर उदारता प्रकट की है अतः उन सज्जनों को मैं हृदय से धन्यवाद दे रहा हू और भविष्य में भी मेरे कार्य में सहयोग देते रहें, यही प्रार्थना करता हुआ उनके नाम नीचे लिख देता हूं।

श्री सेठ विजयलालजी चंपालालजी गुलेच्छा पुस्तक नग ५१ खींचन
,, लाधुरामजी अगरचन्दजी ,, ,, १५ ,,
,, रतनलालजी मानमलजी ,, ,, ११ ,,
श्री सेठ सिम्भुरामजी गंगारामजी फार्म के मालिक
सेठ छगनमलजी मूथा पु० नग २५ मु० घलुन्दा
,, जसराजजी कालूरामजी मूथा ,, १५ रायचूर
,, कनकमलजी घोहरा ,, ५ जयतारण
,, अभयराजजी घेवरचन्दजी संखलेचा ,, १० ,,
,, सेठ लिखमीचन्दजी पुखराजजी गुलेच्छा ५
कपड़ा बाजार जोधपुर
,, सेठ किसोरमलजी किस्तूरचन्दजी मोदी ५
गांधियों की गली जोधपुर
,, चुन्नीलालजी मोदी की धर्मपत्नी १२ जोधपुर
,, सेठ पन्नालालजी ललवाणी ६ नागौर
,, केसरीमलजी सींगी की धर्मपत्नी ५ नागौर
श्री व्यास नथमलजी मूलचन्दजी १५ नागौर
,, चन्दनमलजी तातेड़ ५ कुचेरा

	स्थानकवासी संघ	५	बालोतरा
,,	मूलचन्दजी आसारामजी	५	गढ सीवाणा
,,	छोगमलजी मूलचन्दजी जिनाणी	५	गढ सिवाणा
,,	जैन स्थानकवासी ज्ञान मुनि मण्डल पुतस्कालय	५	जालौर
,,	जैन वर्धमान सभा	५	धूधाडा
,,	मगनीरामजी कपूरचन्दजी बोरा	५	पाली
,,	उम्मेदमलजी सिरदारमलजी नाहर	५	देवलो (आऊवा)
	जैन श्री संघ करमावस मालियों की	५	करमावस
	जैन श्री सघ विरांटियां (मेला का)	५	बिराटिया
,,	अमरचन्दजी गजराजजी समदड़िया	६	नानणा
,,	नानक पुस्तकालय	१५	विजयनगर
,,	किस्तूरचदजी मुणोत की धर्मपत्नी गगाबाई	५	पीपाड
,,	सूरजमलजी मिश्रीमलजी मुणोयत	५	पीपाड़
,,	मोतीलालजी सोनराजजी बोरा	५	पीपाड़
,,	हरखचन्दजी मोतीलालजी कोठारी	५	पीपाड़
,,	जुगराजजी जवन्तराजजी खिवसरा	५	पीपाड़
,,	पेमराजजी बोहरा	५	पिपलिया
,,	किसनलालजी लूनिया	५	पिपलिया
,,	नथमलजी मूलचन्दजी	११	सादड़ी
	श्री संघ	५	भूटा

नोट—जो महाशय कम से कम पांच पुस्तकों के ग्राहक बने है उन महानुभावों के नाम अंकित किये गये है।

भवदीय—

जैनोपदशंक वैद्य,

धूलचन्द सुराणा

पीपाड़ सीटी.